भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न सं. 5901

(जिसका उत्तर सोमवार 30 मार्च, 2026/09 चैत्र, 1948 (शक) को दिया जाना है)

सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान

5901. **श्री बृजेन्द्र सिंह ओला:**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास वर्ष 2013 से 2024 तक देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के वर्ष-वार योगदान और इसी अवधि के दौरान कृषि क्षेत्र की विकास दर का ब्यौरा क्या है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या वर्ष 2014 से 2024 की अवधि के दौरान सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान बढ़ा है अथवा घटा है, यदि हां, तो इसके प्रमुख कारणों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) कृषि क्षेत्र की विकास दर में वृद्धि करने और सकल घरेलू उत्पाद में इसके योगदान को सुदृढ़ करने के लिए सरकार द्वारा कौन-कौन से ठोस कदम उठाए गए हैं और क्या नीतिगत सुधार किए जा रहे हैं और इस संबंध में प्राप्त परिणामों/प्रगति का ब्यौरा क्या हैं?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री
(श्री पंकज चौधरी)

क) एवं ख) वर्ष 2012-13 (आधार वर्ष 2011-12) में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र का योगदान 16.8 प्रतिशत था। तुलनात्मक रूप से, वर्ष 2023-24 (आधार वर्ष 2022-23) में यह योगदान बढ़कर 17.7 प्रतिशत हो गया। वर्ष 2012-13 में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र की सकल लाभ वृद्धि 1.5 प्रतिशत थी जो 2023-24 में बढ़कर 2.6 प्रतिशत हो गई। नई श्रृंखला ने फल और सब्जियों जैसी उच्च-मूल्य वाली बागवानी फसलों के बेहतर कवरेज के कारण कृषि क्षेत्र से योगदान में वृद्धि की है। सौर-जनित बिजली सहित बिजली के उपयोग में वृद्धि के साथ-साथ इनपुट लागत में भी कमी आई है, विशेष रूप से उच्च गति वाले डीजल में। वर्ष 2013 से 2024 तक कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र की सकल लाभ वृद्धि और देश के सकल घरेलू उत्पाद में इसका योगदान अनुलग्नक-I में दिया गया है।

ग) सरकार ने कृषि क्षेत्र में फसल उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाकर विकास को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रम शुरू किए हैं। प्रमुख पहलों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, कृषोन्नति योजना, एकीकृत बागवानी विकास मिशन और कृषि अवसंरचना कोष शामिल हैं। अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत के 1.5 गुना न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) निर्धारित करने का निर्णय भी किसानों को स्थिर मूल्य प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है। इसके अतिरिक्त, संबद्ध क्षेत्रों के महत्व को पहचानते हुए, सरकार ने पशुधन और मत्स्य पालन के लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन, राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मत्स्य अवसंरचना विकास कोष और प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना जैसी योजनाएं शुरू की हैं, ताकि अवसंरचना में सुधार किया जा सके और पशु स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जा सके।

लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5901 जिसका उत्तर 30 मार्च, 2026 को दिया जाना है, के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

नॉमिनल जीडीपी में कृषि क्षेत्र का योगदान

	सकल घरेलू उत्पाद में कृषि और संबद्ध क्षेत्र का योगदान (%)(वर्तमान मूल्य)
आधार वर्ष (2011-12)	
2012-13	16.8
2013-14	17.1
2014-15	16.8
2015-16	16.2
2016-17	16.4
2017-18	16.6
2018-19	16
2019-20	16.8
2020-21	18.7
2021-22	17.4
आधार वर्ष (2022-23)	
2022-23	18.2
2023-24	17.7

स्रोत: एमओएसपीआई

कृषि क्षेत्र की वास्तविक जीवीए वृद्धि

	कृषि क्षेत्र की वास्तविक जीवीए वृद्धि (%)
आधार वर्ष (2011-12)	
2012-13	1.5
2013-14	5.6
2014-15	-0.2
2015-16	0.6
2016-17	6.8
2017-18	6.6
2018-19	2.1
2019-20	6.2
2020-21	4.0
2021-22	4.6
2022-23	6.3
आधार वर्ष (2022-23)	
2023-24	2.6

स्रोत: एमओएसपीआई

****